**पटना जिलान्तर्गत पटना में दशरथ मॉझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान में असैनिक का अवशेष कार्य, इंटेरियर एवं जिमनेजियम के लिए उपकरण आपूर्ति का कार्य हेतु दिनांक 21.03.2018 को प्राप्त ई0-निविदा के वित्तीय बीड निस्तार के लिए निगम निविदा समिति का दिनांक 04.05.2018 को आहूत बैठक की कार्यवाही:-**

---

**उपस्थिति:-**

1. **श्री साकेत कुमार,** प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — अध्यक्ष
2. **श्री लक्ष्मी नारायण दास,** अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। — सदस्य
3. **श्री रवि शंकर चौधरी,** संयुक्त सचिव-सह-आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना। — सदस्य
4. **श्री राम सागर प्रसाद,** मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — सदस्य
5. **श्री तपेश्वर प्र0 साह,** महाप्रबंधक (वित्त), बिहा रराज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — सदस्य
6. **श्री रंजित प्र0 सिंह,** महाप्रबंधक(दक्षिण), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। — सदस्य

**कार्यवाही:-**

**1.योजना का नाम:-**पटना जिलान्तर्गत पटना में दशरथ मॉझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान में असैनिक का अवशेष कार्य, इंटेरियर एवं जिमनेजियम के लिए उपकरण आपूर्ति का कार्य।

**2.प्रशासनिक स्वीकृति की राशि(संस्थान एवंऑडिटोरियम के लिए) :-** ₹35.79 करोड़

**3.पुनरीक्षित प्रावैधिक स्वीकृति की राशि(इस निविदा के कार्योसहित समेकित):-** ₹3353.61 लाख

**4.परिमाण विपत्र की राशि:-** ₹2,94,61,298/-

**5.निविदा प्राप्त करने की तिथि:-** 21.03.2018

**6.निविदा खोलने की तिथि:-** 23.03.2018

**7.निविदा प्रसारण का माध्यम:-** ई-निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र

**8.निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम:-** प्रभात खबर, दिनांक 25.02.18

**9.प्रकाशन का पी0आर0 संख्या:-** 14275 (Ni.Ni) 2017-18

**10.निविदा में भाग लेनेवाले निविदादाता का नाम एवं पता:-**

(i) मेसर्स गोविंदा कंस्ट्रक्शन, तरंग प्रेस रोड, शिवपुरी, पटना, बिहार।

(ii) अरविन्द कुमार, योगेश भवन, बी0 डी0 ओ0 हाउस रोड इंद्रापुरी, पटेलनगर, पटना, बिहार।

**11. <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा</u>:-**विषयांकित कार्य की निविदा से संबंधित दिनांक 09.04.2018 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक के अनुशंसा के आलोक में निगम निविदा समिति की दिनांक 18.04.2018 की बैठक के निर्णय के आलोक में दिनांक 27.04.2018 के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक किसी तरह का परिवाद/आपत्ति प्राप्त नही होने के स्थिति में इस निविदा में सफल दोनो निविदादाताओं (1) मेसर्स गोविंदा कंस्ट्रक्शन, तरंग प्रेस रोड, शिवपुरी, पटना, बिहार एवं (2) अरविन्द कुमार, योगेश भवन, बी0 डी0 ओ0 हाउस रोड इंद्रापुरी, पटेलनगर, पटना का वित्तीय बीड खोला गया, जिसका सार निम्न प्रकार है:-

| क्र0 सं0 | निविदादाता | निविदा की राशि (अनुसूचित एवं गैर अनुसूचित मदों का) | संवेदक द्वारा उद्धृत दर | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मेसर्स गोविंदा कंस्ट्रक्शन, तरंग प्रेस रोड, शिवपुरी, पटना, बिहार | ₹2,94,61,298.00 (दो करोड़ चौरानवे लाख इक्कसठ हजार दोसौ अंठानवे रुपये) | (On Shedule Rate) ₹2,94,61,298.00 (दो करोड़ चौरानवे लाख एकसठ हजार दो सौ अंठानवे रुपये) मात्र | ₹2,94,61,298.00 (दो करोड़ चौरानवे लाख एकसठ हजार दो सौ अंठानवे रुपये) मात्र |
| 2 | अरविन्द कुमार, योगेश भवन, बी0 डी0 ओ0 हाउस रोड इंद्रापुरी, पटेलनगर, पटना | | (5.00% Above) ₹3,09,34,363.00 (तीन करोड़ नौ लाख चौतीस हजार तीन सौ तीरेसठ रूपये) मात्र | ₹3,09,34,363.00 (तीन करोड़ नौ लाख चौतीस हजार तीन सौ तीरेसठ रूपये)मात्र |

वित्तीय बीड के आधार पर ''मेसर्स गोविंदा कंस्ट्रक्शन, तरंग प्रेस रोड, शिवपुरी, पटना, बिहार'' का उद्धृत दर न्यूनतम एवं परिमाण-विपत्र की राशि से समान है।

अतएव, सम्यक विचारोपरान्त समिति द्वारा इस निविदा में सफल न्यूनतम निविदादाता ''मेसर्स गोविंदा कंस्ट्रक्शन, तरंग प्रेस रोड, शिवपुरी, पटना, बिहार'' का वित्तीय बीड में उद्धृत दर न्यूनतम एवं परिमाण विपत्र की राशि ₹2,94,61,298.00 (दो करोड़ चौरानवे लाख एकसठ हजार दो सौ अन्ठानवे रुपये) के समान यानि कुल ₹2,94,61,298.00 (दो करोड़ चौरानवे लाख एकसठ हजार दो सौ अंठानवे रुपये) मात्र पर उनके पक्ष में कार्य आवंटन करने की अनुशंसा समिति द्वारा की गई है।

**12. निगम निविदा समिति का निर्णयः-**

उपरोक्त तथ्यों पर सम्यक विचारोपरांत समिति द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वित्तीय बीड के निष्पादन हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की दिनांक 03.05.2018 की अनुशंसा (संलग्न) के आलोक में इस निविदा के वित्तीय बीड में सफल न्यूनतम निविदाकार ''मेसर्स गोविंदा कंस्ट्रक्शन, तरंग प्रेस रोड, शिवपुरी, पटना, बिहार'' के पक्ष में उनके द्वारा उद्धृत दर परिमाण-विपत्र की दर पर यानि ₹2,94,61,298.00 (दो करोड़ चौरानवे लाख एकसठ हजार दो सौ अन्ठानवे रुपये) मात्र पर कार्य आवंटित किया जाता है। तदनुकूल मुख्य महाप्रबंधक स्वीकृत्यादेश निर्गत करेंगे।

13.निगम निविदा समिति की इस कार्यवाही को निगम वेबसाईट पर डाली जाय।

| | | |
|---|---|---|
| 4-5-18 | Tapeshwar 04.05.18 | 4/5/18 |
| (रंजित प्र0 सिंह) | (तपेश्वर प्र0 साह) | (राम सागर प्रसाद) |
| महाप्रबंधक (दक्षिण) | महाप्रबंधक(वित्त) | मुख्य महाप्रबंधक |
| बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। | बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। | बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। |
| 4/5/2018 | 4/5/18 | 4/5/18 |
| (रवि शंकर चौधरी) | (लक्ष्मी नारायण दास) | (साकेत कुमार) |
| संयुक्त सचिव-सह-आ0 वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना। | अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचि भ0नि0वि0, पटना। | प्रबंध निदेशक बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना। |